# HUDCO और राजस्थान के बीच समझौता ज्ञापन

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको-HUDCO)** लिमिटेड ने **आवास और शहरी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं** के लिये वित्तीय सहायता के संबंध में **राजस्थान सरकार** के साथ एक गैर-बाध्यकारी **समझौता ज्ञापन (MoU)** पर हस्ताक्षर किये।

## मुख्य बिंदु

- यह समझौता ज्ञापन दोनों पक्षों के बीच एक प्रारंभिक समझौता है, जिसके तहत **राजस्थान में आवास और शहरी बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये अगले पाँच वर्षों में 1,00,000 करोड़ रुपए** तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी, जो पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों एवं नियमों के अधीन होगी।

## आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको)

- **आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय** के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हुडको, **"Profitability with Social Justice अर्थात् सामाजिक न्याय के साथ लाभप्रदता" के आदर्श वाक्य** के साथ राष्ट्र के लिये परिसंपत्तियों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करती है।
- इसमें **आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS)** और **निम्न आय समूहों (LIG)** की **आवास आवश्यकताओं को पूरा करने** पर ज़ोर दिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hudco-mou-with-rajasthan